Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Jehanabad Railway station in Bihar as a Model Station

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): किसी शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड उसके सौंदर्य का बड़ा पैमाना होते हैं । इस पैमाने पर जहांनाबाद शहर काफी पिछड़ा प्रतीत होता है। शहर के रेलवे स्टेशन सामान्य यात्री सुविधा के अभाव का दंश झेल रहा है। हालांकि वर्ष 2014 में इसे मॉडल बनाने की घोषणा केंद्रीय बजट में की गई थी। बजट में कई स्टेशनों को माडल बनाने की चर्चा हुई थी। जिसमें जहांनाबाद भी प्रमुख रूप से शामिल था। इस दिशा में फिलहाल कोई कार्य नहीं हो सका। हालात यह है कि स्टेशन परिसर में अवैध तरीके से ऑटो स्टैंड बन गया है। परिसर में एक सार्वजनिक शौचालय भी उपलब्ध है लेकिन इसमें भी साफ सफाई का घोर अभाव है। प्लेटफार्म संख्या दो पर बनाए गए महिला- पुरुष यात्रियों के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा है। लेकिन साफ सफाई के अभाव के कारण यह उपयोग लायक नहीं रह गया है। रेलवे द्वारा परिसर से अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटाया तो जरूर गया है लेकिन आटो चालकों की मनमानी आज भी जारी है। माडल स्टेशन के तहत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया को विकसित करना, रेस्ट रूम, वेटिंग रूम,नहाने की सुविधा के साथ - साथ महिलाओं के लिए अलग से वेटिंग रूम, कंप्यूटर आधारित अनाउंसमेंट, संकेतक, पे एंड यूज टायलेट, वाटर कूलर, प्लेटफार्म ऊंचे करना,एफओबी का निर्माण, सुर्कलेटिंग एरिया में रैंप आदि का निर्माण कर स्टेशनों को विकसित किया जाना था। लेकिन मॉडल योजना के तहत इन योजनाओं में से किसी का संचालन अभी तक इस स्टेशन में नहीं हो सका है।

मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि जहानाबाद स्टेशन को मॉडल स्टेशन स्कीम के हिसाब से सभी यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दें।